उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 21.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 21.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।







**महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ**

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 21.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।







## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 20.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।











## दीक्षांत परेड से पूर्व पुलिस लाइन महोबा में रिक्रूट आरक्षियों हेतु भव्य बड़ाखाना, डीआईजी चित्रकूटधाम का एसपी महोबा द्वारा स्वागत

रिक्रूट आरक्षियों की प्रस्तावित दीक्षांत परेड के पूर्व पुलिस लाइन महोबा में बड़ाखाना (सामूहिक भोज) का गरिमामय आयोजन किया गया। यह आयोजन नवप्रशिक्षु आरक्षियों के उत्साहवर्धन एवं पुलिस परिवार की एकजुटता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस उपस्थित रहे। उनके आगमन पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रिक्रूट आरक्षियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ सेवा करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं अपने हाथों से आरक्षियों को भोजन परोसकर उनका मनोबल बढ़ाया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान कीं। अधिकारियों द्वारा इस आत्मीय पहल से आरक्षियों में विशेष उत्साह एवं गर्व की भावना देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान बड़ाखाना का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए रिक्रूट आरक्षियों का उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह आयोजन पुलिस विभाग की सुदृढ़ परंपराओं, अनुशासन एवं आपसी समन्वय का प्रतीक रहा, जो रिक्रूट आरक्षियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 21.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी महोबा द्वारा होमगार्ड भर्ती परीक्षा 2026 को निष्पक्ष व सकुशल संपन्न कराने हेतु की गयी ब्रीफिंग, दिए आवश्यक निर्देश...।






आज दिनांक 21.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी महोबा श्री कुंवर पंकज द्वारा जनपद महोबा में आगामी दिनांक 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से भर्ती परीक्षा में नामित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों तथा केंद्र पर्यवेक्षकों के साथ गोष्ठी कर विस्तृत ब्रीफिंग की गई।

यह ब्रीफिंग जिला सेवायोजन कार्यालय स्थित सभाकक्ष में समस्त केंद्र पर्यवेक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तथा पुलिस लाइन महोबा में जनपदीय पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ आयोजित की गई। ब्रीफिंग के दौरान भर्ती बोर्ड द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने हेतु सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सीसीटीवी निगरानी, विद्युत एवं इंटरनेट की सुचारु व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा चेकिंग/फ्रिस्किंग को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अतिरिक्त परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री की सुरक्षा, सुरक्षित परिवहन एवं समयबद्ध वितरण को पूर्णतः मानकों के अनुरूप एवं कड़ी निगरानी में संपन्न कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जनपद महोबा में कुल 05 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक पाली में 2064 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जायें।